दिनांक - 20-07-26

सेवा में

प्राचार्य
चमन लाल महाविद्यालय
लण्ढौरा (हरिद्वार)

विषय - समाजशास्त्र विभाग की B.O.S बैठक आयोजित किये जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि समाजशास्त्र विभाग की बी० ए० एंव एम. ए. हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक 26-07-2026 को प्रस्तावित है।

बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्य निम्नवत् हैं:-

1. नवीन कुमार (विभाग प्रभारी समाजशास्त्र)
2. डॉ वाई. पी. एम० तोपाल (विषय विशेषज्ञ)
3. डॉ. संजय कुमार (विषय विशेषज्ञ)
4. डॉ. हिमांशु कुमार (सदस्य)
5. श्री ज्योति कुमार (पूर्व छात्र)

अतः विषयक अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें

अग्रेषित

भवदीय

नवीन कुमार प्रभारी
समाजशास्त्र विभाग

सूचना

बोर्ड ऑफ स्टडीज समाजशास्त्र के समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समाजशास्त्र विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की आवश्यक बैठक 26-07-2026 को प्रातः 10:00 बजे चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित की जायेगी।

आप से अनुरोध है कि समय उपस्थित होने का कष्ट करें। प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार बैठक का एजेण्डा निम्नवत् है।

1. गत कार्यवाही की पुष्टि
2. मुख्य परीक्षा के प्रश्न- पत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये जाने वाले समय को 2:30 घण्टे किये जाने पर विचार।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा - निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा मे 25 अंक का मूल्यांकन अंक एवं आन्तरिक
4. आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया मे एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (15 अंक की लिखित परीक्षा 5 अंक की उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन, शैक्षिक गतिविधियों मे प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित कराये जाने तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा पर विचार
5. पी० जी० पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चौथे सेमेस्टर मे लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार

1. डॉ. वाई पी. एस. तोपाल
2. डॉ० संजय कुमार
3. डॉ. हिमांशु कुमार
4. श्री जोगिन्द्र कुमार

भवदीय

नवीन कुमार

B.O.S (प्रभारी)

समाजशास्त्र विभाग

आज दिनांक 26-07-2024 को समाजशास्त्र विभाग की B.O.S की एक आवश्यक बैठक 12:00 बजे समाजशास्त्र विभाग मे आयोजित की गई। बैठक मे निम्न सदस्य उपस्थित रहे-

1. नवीन कुमार समन्वयक
2. डॉ० वाई पी० एस० तोपाल (विषय विशेषज्ञ)
3. डॉ० संजय कुमार (विषय विशेषज्ञ)
4. डॉ. हिमांशु कुमार (सदस्य)
5. श्री जोगिन्द्र कुमार (पूर्व छात्र)

नवीन कुमार B.O.S समन्वयक द्वारा समस्त आगन्तुक सदस्यो का स्वागत किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई

एजेण्डा बिन्दु -1

एजेण्डा — गत कार्यवाही की पुष्टि

विनिश्चय — दिनांक 17.11.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गई

एजेण्डा बिन्दु -2

एजेण्डा — मुख्य परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को हल करने हेतु छात्रो को प्रदान किये जाने वाले समय को 2:30 घण्टे किये जाने पर विचार

विनिश्चय : विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमो मे प्रश्न पत्र हल किये जाने हेतु छात्रों को 2:30 घण्टे का समय प्रदान किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 3

एजेण्डा :- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा में 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार

विनिश्चय :- विस्तार पूर्वक विचार किये जाने के उपरान्त सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समाजशास्त्र विभाग में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा में 75 तथा आन्तरिक परीक्षा में 25 अंकों का मूल्यांकन लागू कर दिया जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 4

एजेण्डा :- आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु अंक विभाजन - लिखित परीक्षा - 15 अंक उपस्थिति - 05 अंक, अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 5 अंक केन्द्रीकृत माध्यम से कराये जाने पर विचार तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा कराये जाने पर विचार

विनिश्चय :- विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया आन्तरिक परीक्षा केन्द्रीकृत माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में 15 अंक लिखित परीक्षा, 05 अंक उपस्थिति

05 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों मे प्रतिभाग) आयोजित करायी जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 5

एजेण्डा - पी० जी० पाठ्यक्रम में द्वितीय एंव चतुर्थ सेमेस्टर मे लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार

विनिश्चय - विस्तृत विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पी० जी० द्वितीय एंव चतुर्थ सेमेस्टर मे लघु-शोध का प्रावधान किया जाये तथा द्वितीय सेमेस्टर मे लघु-शोध का विषय निर्धारण प्रथम सेमेस्टर में तथा चतुर्थ सेमेस्टर का लघु-शोध का विषयनिर्धारण तृतीय सेमेस्टर मे कर दिया जाये ताकि छात्रो को शोध कार्य हेतु समुचित समय एंव अवसर प्राप्त हो सकें

अन्त में नवीन कुमार द्वारा उपस्थित विषय विशेषज्ञो एंव सदस्यों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

[signature] 26/07/2026

[signature] 26/07/26

[signature]

डॉ० Y. P. S Topal ने B.O.S बैठक मे ऑनलाइन प्रतिभाग किया।